हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 जुलाई 2026

04 पुराने कुएं पर नया खेल, कपिल धारा योजना में ...



07 कोर्ट ने जताई नाराजगी, नपाध्यक्ष को पांच दिन में...





लक्ष्य अनुसार प्रगति ने लाने, शून्य प्रदर्शन पर वेतन रोकने, कारण बताओ नोटिस एवं निलंबन के निर्देश

# पशुपालकों से रखें जीवंत संपर्क, कृत्रिम गर्भाधान व वैक्सीनेशन का कार्य तय समय में करें पूर्णः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने पशुपालन व डेयरी विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति समीक्षा करते हुए कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश पशु चिकित्सा अधिकारियों को दिए। उन्होंनें कहा कि पिछली तिमाही और आगामी तिमाही के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें। कलेक्टर पाल ने समीक्षा के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की प्रगति में संतोषजनक प्रगति नहीं करने एवं बेहद कम प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मैदानी स्तर पर कम प्रदर्शन और घोर लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाते हुए कलेक्टर ने सख्त अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त स्वर में कहा कि पशुपालन व डेयरी विभाग के समस्त कार्यों में नस्ल सुधार और पशुओं के दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु कृत्रिम गर्भाधान सबसे प्रमुख कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों की समीक्षा के दौरान लक्ष्य से पीछे चल रहे अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाते हुए कृत्रिम गर्भाधान कार्य में शून्य प्रदर्शन करने वाले विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही 30 प्रतिशत से कम प्रदर्शन करने वाले पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों का आगामी वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, 10 प्रतिशत से कम प्रदर्शन करने वाले सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों और एक अंकीय (सिंगल डिजिट) प्रदर्शन करने वाले लापरवाह विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों और सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे दफ्तरों से बाहर निकलकर लगातार पशुपालकों के जीवंत संपर्क में रहें और पिछले तीन महीनों के शेष लक्ष्यों के साथ-साथ आगामी लक्ष्यों को समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाली डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना की समीक्षा करते हुए बैंकों से निरंतर समन्वय स्थापित कर सभी लंबित प्रकरणों और स्वीकृत कार्यों को एक माह के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि तकनीकी या अन्य कारणों से रिजेक्ट किए गए प्रकरणों को बैंक और आवेदक से आपसी समन्वय स्थापित कर पुनः प्रक्रिया में लाया जाए ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले की जिन भी गौशालाओं में चारे-भूसे के उचित प्रबंधन हेतु आवश्यकता हो, वहां तत्काल स्ट्रॉरीपर की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही, पशुओं को विभिन्न संक्रामक और घातक बीमारियों से बचाने के लिए जिले भर में लगातार वैक्सीनेशन का कार्य लगातार चलाने के निर्देश दिए गए हैं।



## सरस्वती शिशु मंदिर रहली में सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान का समापन

**रहली।** बढ़ती डिजिटल निर्भरता और ऑनलाइन अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक 2.0' का समापन बुधवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुआ। इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत थाना प्रभारी सुनील शर्मा एवं थाना स्टाफ द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया गयाः फेक लिंक से रहें सावधानः किसी भी अज्ञात या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, यह आपके डेटा को चुरा सकते हैं। ओटीपी और पासवर्ड की गोपनीयताः अपना वन-टाइम पासवर्ड और सोशल मीडिया के पासवर्ड कभी भी किसी अजनबी के साथ साझा न करें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। ऑनलाइन फ्रॉड से बचावः लॉटरी, इनाम या कम समय में पैसा दोगुना करने वाले झांसों और फर्जी कॉल/मैसेज से सतर्क रहें।सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोगः फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि प्लेटफॉर्म पर अपनी निजी जानकारी और तस्वीरें सोच-समझकर ही पोस्ट करें और प्राइवेसी सेटिंग्स को मजबूत रखें। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन विद्यार्थियों की समझ को परखने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से जुड़ी एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और थाना प्रभारी द्वारा पूछे गए सवालों के सही जवाब दिए। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई। संख्या बलः इस जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

# पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने किया बांदरी में रोटरी पैदावारी एवं एक्स-रे सेंटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां रोटरी पैथालॉजी लैब एंड एक्स-रे सेंटर का शुभारंभ किया है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विकास कार्यों का परिणाम है कि बांदरी ने ग्राम से व्यवस्थित बड़े नगर का स्वरूप लिया है जिससे अब प्राइवेट सेक्टर भी अपने संस्थान बांदरी में ला रहे हैं।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि बांदरी में हुए विकास कार्यों के कारण बांदरी ग्राम ने एक व्यवस्थित बड़े नगर का रूप ले लिया है। विकास का ही परिणाम यह मिल रहा है कि यहाँ पर प्राइवेट सेक्टर ने भी आकर जनसुविधाओं के केंद्र आरंभ कर दिए। कोई भी निजी कंपनी या निजी अस्पताल किसी भी क्षेत्र में तभी जाते हैं जब वहाँ पर विकास की सुविधाएं होती हैं। इससे हमारे क्षेत्र की जनता को सुविधाएं बढ़ेंगी जो आज की आवश्यकता भी हैं। आज की जीवन पद्धति और अनियमित दिनचर्या के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं। पहले हमारे गांव के लोग बीमारियां जानते ही नहीं थे, पुराने लोग आराम से बिना बिमारी के 100-100 वर्ष तक अपने जीवन जीते थे। जैसे जैसे हमारे जीवन में भौतिक सुविधाएं बढ़ी हैं होगी, वैसे वैसे स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई चुनौतियां हमारे सामने आई हैं।

उन्होंने पैथालाजी और एक्स-रे सेंटर के संचालनकर्ता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम अपेक्षा करते हैं कि आपका संस्थान क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है। चिकित्सकों तथा गैर चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता निरंतर बनाए रखने की कोशिश के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। क्षेत्र की अस्पतालों का उन्नयन और सशक्तिकरण का कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके सार्थक परिणाम देखने मिल रहे हैं। प्राइवेट पैथालाजी व एक्स-रे सेंटर की अपनी उपयोगिता है जो समय पर जांच सुविधाओं को सुलभ बनाती है।

इस अवसर पर नगर परिषद बांदरी अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, डॉ जयराम सिंह लोधी, वरिष्ठ भाजपा नेता रोशन सिंह, अभय सिंह, पप्पू मुकददम, सुख सिंह, आशीष दुबे पिठोरिया, सुरेंद्र सिंह, डॉ जितेंद्र दीक्षित, रोटेरियन मुकेश साहू, डॉ लखन पटेल, डॉ क्षमा श्रीवास्तव, सुरेंद्र पड़रिया, डॉ स्वाति पटेल, सनत साहू, देवीदयाल पटेल सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

विधायक शैलेंद्र जैन की मांग पर मिली स्वीकृति, सागर को पर्यटन हब बनाने का दोहराया संकल्प

# पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने नहर विकास के लिए 5 करोड़ व आधुनिक जिम हेतु 50 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मध्य प्रदेश पर्यटन विकास विभाग द्वारा लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक बोट क्लब का लोकार्पण समारोह मंगलवार को संजय ड्राइव स्थित लाखा बंजारा झील परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्याम तिवारी, महापौर संगीता तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों में सुश्री मेघा दुबे, शैलेश केसरवानी एवं अमित बैसाखिया शामिल थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा नवनिर्मित बोट क्लब का फीता काटकर लोकार्पण करने के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों ने भवन का अवलोकन कर विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया।

मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि सागर को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन की मांग पर तालाब से लगी नहर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए 5 करोड़ रुपये तथा बोट क्लब में आधुनिक जिम उपकरणों की स्थापना के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि लाखा बंजारा झील बुंदेलखंड की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसके समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अगले 15 दिनों में यहां फ्लोटिंग जेट्टी भी स्थापित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पर्यटन विकास को नई दिशा दे रही है तथा बुंदेलखंड में प्राकृतिक एवं वन पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई पर्यटन नीति लागू कर निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। उनका प्रयास है कि मध्य प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बने। उन्होंने यह भी बताया कि सागर में मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीटी) का एक बड़ा होटल स्थापित करने के लिए अधिकारियों को उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि सागर का तालाब शहर की पहचान और धरोहर है। इसके संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन से सागर के पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी।

विधायक जैन ने बताया कि शहर में जल क्रीड़ा गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 42 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें से 5 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय टीम के लिए हुआ है। इनमें से 3 बालिकाओं ने विशाखापट्टनम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर सागर का नाम रोशन किया है इस अवसर उन्होंने प्रशिक्षक आकाश तिवारी को बधाई दी। इस उपलब्धि पर मंत्री लोधी ने खिलाड़ियों के अभिभावकों का सम्मान भी किया। श्याम तिवारी ने कहा कि जहां कभी संजय ड्राइव पर केवल पगडंडी हुआ करती थी, आज वहां आधुनिक पर्यटन सुविधाएं विकसित हुई हैं, जिसका श्रेय विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के सतत प्रयासों को जाता है।

महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि जल पर्यटन के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा झील की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन एम.डी. त्रिपाठी ने किया।

## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश राज्य ताईक्वांडो अकादमी के लिए प्रतिभा चयन ट्रायल आज

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ताईक्वांडो अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2026 हेतु ताईक्वांडो अकादमी के लिए प्रतिभा चयन 9 जुलाई को खेल परिसर सागर में किया जा रहा है। प्रतिभा चयन खेल परिसर सागर में 09 जुलाई को प्रातः 09:30 बजे से होगी। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में ताईक्वांडो चयन समिति द्वारा खिलाड़ियो का चयन किया जावेगा। यह चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण होगा, जिसमें विषेषज्ञों द्वारा चयनित खिलाड़ी को द्वितीय चरण में भोपाल स्थित राज्य ताईक्वांडो अकादमी में चयन प्रक्रिया हेतु आमंत्रित किया जावेगा। खिलाडी का अंतिम चयन होने पर खिलाड़ी को म प्र राज्य ताईक्वांडो अकादमी में प्रवेश दिया जावेगा, जहॉ पर विष्वस्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रषिक्षण एवं संबंधित खिलाड़ी को भोजन,आवास एवं शिक्षा की व्यवस्था म प्र शासन द्वारा उपलब्ध कराई जावेगी। साथ ही खिलाड़ी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

### मालथौन परियोजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**सागर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की मालथौन परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना कार्यालय मालथौन का कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। समीक्षा के दौरान विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में विभागीय कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समीक्षा में आंगनवाड़ी केंद्र सीपुरखास, कुआखेड़ा, कुंवरपुरा, कुलुआ खास, सीपुरखुर्द, खिरिया शंकर, चुरारी डबडेरा-01, दुगाहाखुर्द, दुगाहाकलां एवं सेमरा लोधी की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित कार्यकर्ताओं का 15 दिवस का मानदेय काटने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार हरदौट, झड़िया, कुरमन, ललोई, मांदरी, नेगुवा, खिरियाकलां-02, चौका, चंद्रपुर, पलेथनी एवं खिरिया शंकर केंद्रों का कार्य पूर्ण होने तक संबंधित कार्यकर्ताओं का मानदेय तैयार नहीं करने के निर्देश दिए गए।

### 14 जुलाई से जिले में चलेगा दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया कैंपेन

**सागर।** जिले में दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया कैंपेन-2026 का प्रथम चरण 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान पाँच वर्ष तक के बच्चों का घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण, बीमारियों की पहचान, जांच, उपचार तथा आवश्यकता अनुसार रेफरल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही अभियान का डिजिटलीकरण दस्तक मॉनिटरिंग टूल के माध्यम से किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आशीष जैन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया, दस्त रोग, गंभीर एनीमिया, गंभीर कुपोषण तथा अन्य बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान कर उपचार किया जाएगा। गंभीर कुपोषित बच्चों को आवश्यकतानुसार एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा तथा एसएनसीयू एवं एनआरसी से डिस्चार्ज बच्चों का फॉलोअप भी किया जाएगा। साथ ही छूटे हुए बच्चों का नियमित टीकाकरण, 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए अनुपूरण, जन्मजात विकृतियों की पहचान एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान दस्त रोग से बचाव के लिए ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन, प्रत्येक दस्त पीड़ित बच्चे के घर पर ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियों का वितरण, आयु अनुसार जिंक सेवन की जानकारी तथा साबुन से हाथ धोने की सही विधि बताई जाएगी।



## स्कूली वाहनों की सघन चेकिंगः एलपीजी गैस किट से संचालित एक ओमनी वाहन जब्त

**सागर।** स्कूल में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्राएं, जो स्कूली वाहनों से स्कूल आते-जाते हैं, उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर आज नरयावली, जिला सागर में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान मारुति वैन क्रमांक एमपी-04-बीए-5622, जो रामभरोसे पाल पिता नंदकिशोर पाल, निवासी नरयावली, जिला सागर के नाम पर पंजीकृत है, क्षमता से अधिक 18 स्कूली बच्चों का परिवहन करती हुई पाई गई। वाहन को नरयावली में रोककर चेक किया गया। चालक से वाहन के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह मौके पर कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वाहन के पिछले भाग की डिक्की खोलकर देखने पर उसमें एलपीजी गैस किट लगी हुई पाई गई, जिसके ऊपर बच्चों को बैठाने के लिए सीट लगाई गई थी। अर्थात वाहन एलपीजी गैस से संचालित किया जा रहा था। उक्त वाहन इस कार्यालय में प्राइवेट श्रेणी में पंजीकृत होकर अनाधिकृत रूप से स्कूली बच्चों के परिवहन में उपयोग किया जा रहा था, जो मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 39 का उल्लंघन है। क्योंकि जो वाहन जिस कार्य के लिए पंजीकृत होता है, उसका उपयोग उसी कार्य के लिए किया जा सकता है। इस कारण मारुति वैन क्रमांक एमपी-04-बीए-5622 को मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 207 के तहत जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

## माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न, युवा कर सकते हैं पंजीयन

**सागर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय मेरा युवा भारत की जिला सलाहकार समिति की प्रथम बैठक अपर कलेक्टर अविनाश रावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में माय भारत की गतिविधियों, वार्षिक कार्ययोजना, विभागीय अभिसरण तथा युवाओं के अधिकतम पंजीयन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी विभाग सात दिवस में माय भारत के लिए अपने-अपने नोडल अधिकारी नामित करेंगे। जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पात्र विद्यार्थियों का माय भारत पोर्टल पर अधिकतम पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा तथा प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में माय भारत नोडल शिक्षक और अथवा कैंपस एम्बेसडर की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही प्रत्येक जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर माय भारत पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में स्वास्थ्य, खेल, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा अन्य जनहितकारी अभियानों में माय भारतस्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। महिला एवं बाल विकास, रोजगार, उद्योग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सहित अन्य विभाग माय भारत कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी विभागों को अपनी योजनाओं का माय भारत के साथ अभिसरण सुनिश्चित करने तथा जिला समन्वय समिति की मासिक एवं जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अपर कलेक्टर रावत ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि माय भारत पोर्टल पर अधिकतम युवा पंजीयन, विभागीय समन्वय तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बैठक में लिए गए सभी निर्णयों का समयबद्ध पालन किया जाए। उन्होंने बताया कि मेरा युवा भारत का शुभारंभ 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर किया गया था। जिसके माध्यम से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना तथा स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन और सामुदायिक सहभागिता के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। यह एक 'फिजिटल' प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से युवाओं को डिजिटल एवं प्रत्यक्ष दोनों माध्यमों से विभिन्न अवसरों से जोड़ा जाता है। बैठक में माय भारत के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम, भारत के लिए स्वयंसेवक, पीएम इंटर्नशिप योजना, नशा मुक्त भारत अभियान, फिट इंडिया अभियान तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।



## 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण तक नगर निगम कर्मचारियों की कामबंद हड़ताल जारी रहेगी

**सागर।** नगर निगम कर्मचारियों की 13 सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में चल रहा आंदोलन बुधवार को नए चरण में प्रवेश कर गया। पिछले 15 दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे नगर निगम के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल प्रारंभ कर दी, जिसके चलते नगर निगम के अधिकांश विभागों में कामकाज प्रभावित रहा। नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेशसिंह राजपूत, संयुक्त कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक तथा जिलाध्यक्ष सईदउद्दीन कुरैशी ने संयुक्त रूप से बताया कि कर्मचारी संगठनों द्वारा 13 सूत्रीय मांगों के संबंध में महापौर, निगमाध्यक्ष एवं निगमायुक्त को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि निगमायुक्त द्वारा कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए आवश्यक प्रकरण सहायक आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थापना शाखा एवं लेखा शाखा स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि स्थापना प्रभारी एवं लेखाधिकारी को संबंधित शाखाओं से हटाने तथा कर्मचारियों की मांगों के निराकरण की दिशा में ठोस कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि मांगों के समाधान के बाद ही निगम प्रशासन के साथ आगे की चर्चा की जाएगी। कर्मचारी संगठनों की प्रमुख मांगों में शासन के निर्देशानुसार पदोन्नति, प्रत्येक माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान, लगभग 8 करोड़ रुपये की जीपीएफ राशि तथा 2.50 करोड़ रुपये की एनपीएस राशि कर्मचारियों के खातों में जमा कराना, रिक्त पदों पर नियमितीकरण, अनुकंपा नियुक्तियां, समयमान वेतनमान का लाभ, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 300 दिवस की ग्रेच्युटी राशि प्रदान करना तथा सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश उपलब्ध कराना शामिल है।

### अलग-अलग आवेदनों में जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग

# पुराने कुएं पर नया खेल, कपिल धारा योजना में फर्जीवाड़े से पीड़ित ग्रामीण

## ग्रामीणों ने लगाए पुराने कुएं को नया बताकर सरकारी राशि निकालने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पलेरा जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कछियागुड़ा में मुख्यमंत्री कपिल धारा कूप योजना के तहत स्वीकृत एक कूप निर्माण को लेकर गंभीर अनियमितता और विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ और जतारा एसडीएम के नाम दिए दो अलग-अलग आवेदनो में आरोप लगाया है कि जिस कुएं को योजना के तहत नया निर्माण दर्शाया गया है, वह वर्षों पुराना और पहले से खुदा हुआ कुआं है। आवेदकों का कहना है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन को गुमराह करते हुए योजना की राशि निकाल ली गई। मामले में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर स्वीकृति निरस्त करने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुराने कुएं को नया निर्माण दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने आवेदन के साथ पटवारी पंचनामा सहित अन्य दस्तावेज भी संलग्न किए हैं और दावा किया है कि पूर्व में भी जनपद पंचायत में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

### निजी नाम पर दर्ज पुराना कुआं, बिना सहमति कर दी नई स्वीकृति

दूसरे आवेदन में ग्राम कठियागुड़ा निवासी गंगुवा अहिरवार ने जतारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को लिखित शिकायत सौंपते हुए कहा है कि उनकी कृषि भूमि पर शासन की योजना के



तहत पहले से एक कुआं निर्मित है, जिसकी जानकारी गांव के सभी हिस्सेदारों और संबंधित विभाग को है। इसके बावजूद उनकी सहमति और जानकारी के बिना उसी भूमि पर नए कपिल धारा कूप की स्वीकृति दे दी गई। आवेदक का कहना है कि एक ही भूमि पर दो कुओं का रिकॉर्ड बनना न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि इससे भविष्य में सिंचाई एवं स्वामित्व को लेकर विवाद भी उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने नए कूप की स्वीकृति निरस्त कर पुराने कुएं का रिकॉर्ड यथावत रखने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। दोनों आवेदनों के सामने आने के बाद कपिल धारा योजना के क्रियान्वयन और उसकी पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इन गंभीर आरोपों की जांच कर क्या कार्रवाई करता है।

### 1963 के रिकॉर्ड में दर्ज है कुआं फिर नया निर्माण कैसे...

ग्रामीणजन हरवंश, फरसू, प्रमोद, फुस्सी एवं राकेश सहित अन्य ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि ग्राम कठियागुड़ा स्थित पुराने कुएं को कपिल धारा योजना के तहत नया दर्शाकर पंजीयन कराया गया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कुआं वर्ष 1963 के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है तथा खसरा नंबर 1419 सहित अन्य खातों की सिंचाई वर्षों से इसी कुएं से होती रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच एवं सचिव की मिलीभगत से फर्जी तरीके से योजना का लाभ लेकर शासन की राशि निकाल ली गई। उनका कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी पलेरा जनपद पंचायत में लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर कपिल धारा कूप का पंजीयन निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### छात्र अजहर ने बनाया जागरूकता प्रोजेक्ट

# नन्हे छात्र ने एसपी की पहल से प्रेरित होकर दिया नशे के विरुद्ध बड़ा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में पलेरा के एक स्कूली नन्हे छात्र ने अपनी सोच और रचनात्मकता से प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उक्त नन्हे छात्र को यह प्रेरणा जिले के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में नशे के बिरुद्ध चलाये जा रहे अभियानो से मिली है। लिटिल फ्लावर हाई स्कूल, पलेरा की कक्षा 6 के छात्र अजहर राइन ने धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर आधारित एक आकर्षक जागरूकता प्रोजेक्ट तैयार कर लोगों को स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया है। कम उम्र में सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए छात्र की यह पहल क्षेत्र में सराहना का विषय बनी हुई है।

अजहर राइन के पिता सद्दाम राईन पलेरा के प्रतिष्ठित पत्रकार है। जिनके पुत्र अजहर ने अपने प्रेरणादायक प्रोजेक्ट में बेहद सरल और प्रभावी ढंग से बताया है कि तंबाकू और धूम्रपान केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करते हैं। उन्होंने चित्रों और संदेशों के माध्यम से यह समझाने का प्रयास




किया कि नशे की आदत धीरे-धीरे शरीर को गंभीर बीमारियों की ओर ले जाती है और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। उक्त प्रोजेक्ट में धूम्रपान और तंबाकू सेवन से होने वाले प्रमुख दुष्प्रभावों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। इसमें बताया गया है कि तंबाकू के सेवन से दांत पीले पड़ जाते हैं, हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, पेट संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है तथा फेफड़ों के कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी होने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इन तथ्यों को आकर्षक चित्रों और संदेशों के माध्यम से प्रस्तुत कर छात्र ने जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। नन्हे छात्र अजहर ने बताया कि उन्हें यह प्रोजेक्ट तैयार करने की प्रेरणा जिले के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान से मिली है। उनका उद्देश्य अपने सहपाठियों, युवाओं और समाज के लोगों को यह समझाना है कि नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से छात्र अजहर ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी तंबाकू और धूम्रपान जैसी बुरी आदतों से बचने के लिए प्रेरित करें। छात्र अजहर ने संदेश देते हुये कहा कि आइए संकल्प लें कि खुद भी नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी जागरूक कर नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएंगे। छात्र अजहर की यह पहल यह साबित करती है कि सामाजिक बदलाव की शुरुआत किसी भी उम्र में की जा सकती है। यदि बच्चे जागरूक बनकर समाज को सही दिशा देने का प्रयास करें तो नशा मुक्त और स्वस्थ भारत का सपना निश्चित रूप से साकार हो सकता है।

### पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने साइबर जागरूकता प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत साइबर मेले में बच्चों ने सीखे डिजिटल सुरक्षा के गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति आमजन, विशेषकर नई पीढ़ी को जागरूक बनाने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक अभियान 2.0 के अंतर्गत बुधवार को पुलिस लाइन में साइबर मेला एवं साइबर जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने किया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित जागरूकता सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी बन चुकी है। यदि लोग थोड़ी-सी सावधानी और सतर्कता बरतें तो अधिकांश साइबर अपराधों से आसानी से बचा जा सकता है।

प्रदर्शनी में साइबर अपराधों से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार पर आधारित पोस्टर, पेंटिंग, स्टैंडी, पेम्पलेट, पुस्तकें तथा अन्य जागरूकता सामग्री प्रदर्शित की गई। इन माध्यमों से विद्यार्थियों और आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अपराध तथा अन्य साइबर अपराधों के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर बच्चों को सामग्री का उद्देश्य सरल भाषा में समझाया और उन्हें डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े जागरूकता संदेशों का वाचन भी किया। पुलिस अधीक्षक ने इन संदेशों का महत्व समझाते हुए बच्चों से कहा कि वे केवल स्वयं ही जागरूक न रहें, बल्कि अपने माता-पिता, परिजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि बच्चे यदि जागरूक बनेंगे तो पूरा परिवार सुरक्षित रहेगा और समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक वातावरण तैयार होगा।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाते की गोपनीय जानकारी, पासवर्ड अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर दें। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित यह साइबर मेला विद्यार्थियों और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाकर ही साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है तथा जागरूक, सुरक्षित और डिजिटल रूप से सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

# 100 साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर के कायाकल्प का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### 1924 में बनी राजशाही स्कूल में बनेंगे गीता भवन व म्यूजियम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के नजरबाग परिसर में स्थित लगभग एक शताब्दी पुरानी ऐतिहासिक गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की जर्जर इमारत अब नई पहचान के साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगी। जिला प्रशासन ने इस विरासत भवन को संरक्षित करते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त 'गीता भवन', लाइब्रेरी, म्यूजियम और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। बुधवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ भवन का निरीक्षण कर जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

करीब 100 वर्ष पुरानी यह ऐतिहासिक इमारत वर्ष 1924 में तत्कालीन राजशाही काल में 'सवाई महेंद्र स्कूल' के रूप में निर्मित हुई थी। स्वतंत्रता के बाद यहां शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन शुरू हुआ और कई पीढ़ियों की छात्राओं ने इसी भवन से शिक्षा प्राप्त की। समय के साथ मरम्मत के अभाव में भवन जर्जर होता चला गया। सुरक्षा की दृष्टि से करीब पांच वर्ष पूर्व विद्यालय को पॉलिटेक्निक भवन (ढोंगा) में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके बाद से यह ऐतिहासिक धरोहर उपेक्षा का शिकार बनी हुई थी। अब जिला प्रशासन ने इस विरासत को संरक्षित करने का निर्णय लेते हुए इसके जीर्णोद्धार के लिए 99 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन को पुनः मजबूत और सुरक्षित बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में भवन में एक विशाल हॉल, 11 कमरे, चारों ओर गैलरी तथा पर्याप्त खुला परिसर उपलब्ध है, जिसे आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्पष्ट कहा कि नई इमारतों पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण और उनका बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। शासन की मंशा के अनुरूप इस भवन में सर्वसुविधायुक्त गीता भवन, आधुनिक लाइब्रेरी तथा म्यूजियम विकसित किया जाएगा, जहां टीकमगढ़ और संपूर्ण बुंदेलखंड की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे आने वाली पीढ़ियों को क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास से परिचित होने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया तथा प्रभारी अध्यक्ष अंजलि शर्मा को स्वीकृत ड्राइंग के अनुरूप निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, साहित्यिक आयोजनों और सामाजिक गतिविधियों के लिए ओपन एयर थिएटर विकसित करने के भी निर्देश दिए, जिससे यह परिसर शहर की सांस्कृतिक पहचान के रूप में विकसित हो सके। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, पूर्व बैंक अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि अरविंद सिंह बुंदेला, नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष अंजलि शर्मा, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री मनोज दुबे, एसडीओ पी.के. जैन सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय समाजसेवी उपस्थित रहे।

## एटीएम पर एक चूक पड़ सकती है भारी, सतर्क रहें, ठगों से बचें: एसपी मंडलोई

**टीकमगढ़।** साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को डिजिटल लेन-देन के दौरान सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेवासियों के लिए एटीएम बूथों पर सुरक्षित तरीके से ट्रांजेक्शन करने संबंधी महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं इन सावधानियों का पालन करें तथा अपने परिवार



और परिचितों को भी साइबर ठगी के प्रति जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग और जालसाज एटीएम बूथों के आसपास सक्रिय रहकर लोगों को सहायता का झांसा देकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कई मामलों में आरोपी मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदल देते हैं, गुप्त रूप से पिन देख लेते हैं और बाद में खाते से पूरी रकम निकाल लेते हैं। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क और सजग रहने की आवश्यकता है। एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि एटीएम का पिन दर्ज करते समय हमेशा दूसरे हाथ से कीपैड को ढककर रखें, ताकि कोई भी व्यक्ति आपका पिन न देख सके। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना एटीएम कार्ड, पिन, ओटीपी या मोबाइल फोन कभी न दें और यदि कोई स्वयं मदद करने का प्रयास करे तो विनम्रतापूर्वक मना कर दें। लेन-देन के दौरान अपना एटीएम कार्ड हमेशा अपनी निगरानी में रखें तथा ट्रांजेक्शन पूरा होने के बाद यह अवश्य जांच लें कि आपके पास आपका ही कार्ड है। पुलिस ने यह भी सलाह दी है कि यदि एटीएम मशीन में कोई तकनीकी खराबी दिखाई दे या मशीन पर कोई संदिग्ध उपकरण लगा नजर आए अथवा बूथ में कोई संदिग्ध व्यक्ति मौजूद हो, तो उस एटीएम का उपयोग न करें और इसकी सूचना तुरंत संबंधित बैंक या पुलिस को दें। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर मशीन में कोई कार्रवाई न करें।
एडवाइजरी में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी बैंक कभी फोन, संदेश या एटीएम बूथ पर किसी कर्मचारी के माध्यम से ग्राहक से उसका पिन, ओटीपी, सीवीवी या पासवर्ड नहीं मांगता। यदि कोई ऐसी जानकारी मांगता है तो वह निश्चित रूप से धोखाधड़ी का प्रयास है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ एटीएम कार्ड बदलने, पिन जानने या बैंक खाते से धोखाधड़ी की घटना हो जाती है, तो वह बिना देर किए अपने बैंक के ग्राहक सेवा नंबर पर कॉल कर कार्ड ब्लॉक कराए, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर रिपोर्ट करे तथा निकटतम पुलिस थाना या साइबर हेल्प डेस्क को तत्काल सूचना दे।

## बुजुर्ग किसान को दी धमकी, चार पर एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विरारी में जमीनी विवाद को लेकर एक बुजुर्ग किसान को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम विरारी निवासी कन्छेदी पुत्र विज्जा ने बताया कि वह ग्राम स्थित आराजी संख्या 893/2 पर वर्ष 1991 से लगातार काबिज हैं और उसी भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका आरोप है कि पड़ोसी पिछले कई महीनों से उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं तथा खेती करने में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। 4 जुलाई की शाम करीब पांच बजे वह अपनी जमीन पर कृषि कार्य के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे एवं धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

# पटवारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला शाखा टीकमगढ़ ने वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगामी सात दिनों के भीतर मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर के पटवारी 15 से 17 जुलाई तक तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। पटवारी संघ का कहना है कि प्रदेश के पटवारी लंबे समय से अपनी मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पूर्व में मुख्यमंत्री स्तर पर भी आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक न तो लंबित मांगों का निराकरण हुआ और न ही कोई स्पष्ट आदेश जारी किए गए। इससे पटवारी वर्ग में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। पटवारी संघ ने ज्ञापन में पहली प्रमुख मांग कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान देने की रखी है। संघ का कहना है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को कैडर रिव्यू का लाभ मिल चुका है, जबकि पटवारी आज भी इससे वंचित हैं। इससे पदोन्नति और वेतनमान में भारी असमानता बनी हुई है। दूसरी मांग नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित कराने की है। ज्ञापन के अनुसार पिछले 25 वर्षों में केवल वर्ष 2018 में एक बार परीक्षा आयोजित हुई, इसके बाद अब तक परीक्षा नहीं कराई गई। संघ ने नियमित विभागीय परीक्षा आयोजित कर योग्य पटवारियों को पदोन्नति का अवसर देने की मांग की है। तीसरी मांग जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करने की है। संघ का कहना है कि राजस्व कार्यों के दौरान कई बार पटवारियों के विरुद्ध विवाद और एफआईआर की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की तरह पटवारियों को भी कानूनी संरक्षण मिलना चाहिए। चौथी मांग वर्षों से लंबित वित्तीय भुगतानों के तत्काल भुगतान की है। संघ के अनुसार विभिन्न सरकारी योजनाओं, सर्वेक्षणों, कृषि एवं सिंचाई संबंधी कार्यों सहित कई जिम्मेदारियां पटवारियों ने अपने संसाधनों से पूरी की हैं, लेकिन अनेक जिलों में अब तक मानदेय और भुगतान लंबित हैं। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। और पांचवीं मांग स्थानांतरण नीति के विरुद्ध किए गए तबादलों को निरस्त करने की है।

### एसआई भर्ती परीक्षा में सिद्धार्थ ने प्रदेश में तीसरा और अनारक्षित वर्ग में हासिल किया प्रथम स्थान

# दादा का सपना साकार करने नाती ने पाया टॉप-10 सूची में स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मेहनत, लगन और बड़े सपनों के सामने कोई मंजिल दूर नहीं होती। इसे हकीकत में सच कर दिखाया है टीकमगढ़ जिले के ग्राम गुदनवारा निवासी सिद्धार्थ सिंह सोलंकी ने। मध्यप्रदेश पुलिस उप निरीक्षक एसआई भर्ती परीक्षा के घोषित परिणाम में सिद्धार्थ ने पूरे प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में तीसरा स्थान तथा अनारक्षित वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने गांव, परिवार और पूरे टीकमगढ़ जिले का गौरव बढ़ाया है। सिद्धार्थ की इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है और बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है।



| रैंक | अभ्यर्थी का नाम | अंतिम अंक |
|---|---|---|
| 1 | संजय परमार | 595.980311 |
| 2 | मनीष पटेल | 585.376832 |
| 3 | शिवशंकर दुबे | 573.126374 |
| 4 | सिद्धार्थ सिंह सोलंकी | 571.626374 |
| 5 | दीपक सिंह गंगार | 571.16392 |
| 6 | निखिल जैन | 569.001832 |
| 7 | वंदना पाटीदार | 568.830586 |
| 8 | शुभम राठौर | 566.144231 |
| 9 | लोकेन्द्र खुंचवंशी | 564.703425 |
| 10 | सूरज सिंह | 563.012821 |

इस सफलता के पीछे केवल वर्षों की मेहनत ही नहीं, बल्कि एक अधूरे सपने को पूरा करने का जज़्बा भी छिपा है। सिद्धार्थ के पिता राजपाल सिंह सोलंकी भाई राजा ने भावुक होते हुए बताया कि उनके पिता एवं सिद्धार्थ के दादा स्वर्गीय शोभरन सिंह सजले राजा का सपना था कि उनका नाती एक दिन प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन करे लेकिन दुर्भाग्यवश वे इस पल को देखने के लिए इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन उनके जाने के बाद उनके नाती सिद्धार्थ ने उनकी इच्छा को हकीकत में बदल दिया। पिता राजपाल सिंह ने नम आंखों से कहा कि आज ऐसा महसूस हो रहा है कि मानो उनके पिता स्वर्गीय शोभरन सिंह सजले राजा का आशीर्वाद ही सिद्धार्थ की सफलता का आधार बना है। यह उपलब्धि केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि एक दादा के सपने को पूरा करके उन्हें श्रद्धांजलि और पूरे परिवार के वर्षों के संघर्ष का सम्मान है। सबसे खास बात यह है कि सिद्धार्थ का लक्ष्य केवल एसआई बनना नहीं था। वे वर्तमान में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एमपी पीएससी की तैयारी कर रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने बिना किसी विशेष तैयारी के पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आवेदन भर दिया था। सीमित तैयारी के बावजूद उन्होंने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। सिद्धार्थ के पिता राजपाल सिंह सोलंकी भाईराजा का कहना है कि सिद्धार्थ की मंजिल अभी और ऊंची है। उनका सपना एमपी पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश की उच्च प्रशासनिक सेवा में चयनित होना है और परिवार को विश्वास है कि वह अपने इस लक्ष्य को भी अवश्य प्राप्त करेगा।

मध्यप्रदेश पुलिस उप निरीक्षक एसआई भर्ती परीक्षा के घोषित परिणाम को लेकर जारी मेरिट सूची के अनुसार ओबीसी वर्ग के संजय परमार ने 595.980311 अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर मनीष पटेल रहे, जबकि तीसरा स्थान शिवशंकर दुबे को मिला। इसके बाद 571.626374 अंकों के साथ सिद्धार्थ सिंह सोलंकी ने चौथा स्थान हासिल कर प्रदेश की शीर्ष प्रतिभाओं में अपनी जगह बनाई। उक्त मेरिट सूची में सिद्धार्थ के बाद दीपक सिंह गंगार, निखिल जैन, वंदना पाटीदार, शुभम राठौर, लोकेन्द्र खुंचवंशी और सूरज सिंह ने भी टॉप-10 में स्थान बनाया है। लेकिन अनारक्षित वर्ग में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी के रूप में सिद्धार्थ सिंह सोलंकी का नाम सबसे ऊपर दर्ज हुआ है, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। सिद्धार्थ सिंह सोलंकी की सफलता आज जिले के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उनका संघर्ष यह संदेश देता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदार हो और परिवार का आशीर्वाद साथ हो, तो सफलता स्वयं रास्ता तलाश लेती है। गुदनवारा के इस होनहार बेटे ने न केवल अपने दादा का सपना पूरा किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि छोटे गांवों से निकलने वाली प्रतिभाएं पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना सकती हैं।

### अब 13 को हो सकती है वोट चोरी कर सरकार बनाने के मामले में बहस

# कोर्ट ने जताई नाराजगी, नपाध्यक्ष को पांच दिन में एविडेंस पेश करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला न्यायालय श्योपुर में पार्षद सुमेर सिंह एवं नपाध्यक्ष रेनू राठौर से जुड़े मामले में मंगलवार को अदालत ने नपाध्यक्ष द्वारा एविडेंस उपलब्ध कराने में देरी पर नाराजगी जताते हुए पांच दिवस में सभी एविडेंस अदालत में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। अब अगली पेशी 13 जुलाई को निहित की गई है।

वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद सुमेर सिंह ने रिट याचिका लगाई थी कि नपाध्यक्ष रेनू राठौर के अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही बरती गई है उनका आरोप था कि रेनू राठौर को अध्यक्ष बनाने के लिए कुछ पार्षदों के वोट खरीदे गए थे और पार्षद, खरीदे गए वोटो को दूसरी जगह ना डाल दें इसलिए उनके वोट पार्षदों के बजाय किसी और से डलवाए गए थे।

इस मामले में पार्षद सुमेर सिंह की याचिका श्योपुर जिला न्यायालय ने सुनने लायक नहीं माना था जिसके बाद उन्होंने इसकी अपील हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में की थी जहां चली लंबी सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने श्योपुर जिला न्यायालय को निर्देशित किया था कि पार्षद सुमेर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर फैसला दिया जाए हाई कोर्ट के निर्देश पर जिला न्यायालय में चल रही सुनवाई के लिए 7 जुलाई की तारीख लगे थी। जिसमें निर्वाचन से जुड़े सारे दस्तावेज अदालत में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। जिला प्रशासन ने नगर पालिका चुनाव की अधिसूचना जारी होने से लेकर पार्षद के चुनाव उपरान्त अध्यक्ष उपाध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया सहित संपूर्ण दस्तावेज अदालत को उपलब्ध करा दिए लेकिन जब 7 जुलाई को नियत तारीख़ पर नपाध्यक्ष रेनू राठौर अमले के साथ अदालत पहुंची तो अदालत ने दोनों पक्ष के वकीलों को बहस का अवसर दिया लेकिन नपाध्यक्ष के वकील ने इसके लिए यह कहते हुए समय देने की मांग कर ली की उन्हें केस से जुड़े एविडेंस कलेक्ट करना है इसलिए उन्हें कम से कम 10 दिनों का समय चाहिए। इस पर पार्षद सुमेर के वकील हाफिज शरीफ मोहम्मद ने यह कहते हुए आपत्ति जताई कि नपाध्यक्ष अपना कार्यकाल पूरा करने के गरज से अदालत का समय बर्बाद करना चाहती हैं इसलिए बार-बार तारे बढ़वा रही हैं। तारीख बढ़ाने के बजाए बहस की जाए उन्होंने नपाध्यक्ष को एविडेंस उपलब्ध कराने के लिए समय देने का विरोध किया अदालत ने भी इस पर नाराजगी जताई कि बार-बार समय ना मांगा जाए अदालत इस प्रकरण को जल्द से जल्द निपटाना चाहती है। बाद में अदालत ने सिर्फ पांच दिनों की मोहलत एविडेंस एकत्रित करने के लिए देते हुए 13 जुलाई को बहस की तिथि दी है।




### क्या हैं नपाध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ा प्रकरण?

दरअसल नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में चार पार्षदों ने टेंडर बोट डाले थे पार्षदों ने खुद के बीमार होने का हवाला देते हुए अपना वोट अन्य व्यक्ति से डलवाने के लिए अधिकृत किया था संविधान में इसका प्रावधान भी है पर इस मामले में पार्षद सुमेर सिंह ने रिट याचिका लगाते हुए कहा था कि संविधान के नियमों को तोड़ मरोड़ कर वोट चोरी कर सरकार बनाई गई है उन्होंने जिन पार्षदों ने दूसरों से वोट डलवाया था वह किस-किस के बीमारी से ग्रसित थे और उनकी बीमारी का प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराया गया था या नहीं। पार्षद का कहना था कि मेडिकल बोर्ड द्वारा गंभीर बीमार होने का प्रमाण पत्र देने के बाद ही पार्षद दूसरे से वोट डलवा सकता है ऐसे सारे दस्तावेज अदालत ने पिछली तारीख पर ही मंगवा लिए थे जिन पर बहस होनी है।

### बहस के बाद कभी भी आ सकता है फैसला

अदालत प्रक्रिया में बहस के बाद फैसला दिया जाता है अगर 13 जुलाई को बहस पूरी हो जाती है तो एक-दो दिनों में अदालत फैसला भी दे सकती है। अगर 13 जुलाई को बहस पूरी हो जाती है तो एक दो दिन में ही फैसला भी आ जाएगा और तारीख़ बड़ती है तो भी जिस तरह से अदालत इस प्रकरण को सुन रही है उससे लगता नहीं कि इस मामले में और अधिक देरी होगी ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि जुलाई या अगस्त माह में ही इस मामले में फैसला आ जाएगा। इस बहुचर्चित फैसले में पर पूरे प्रदेश के निगाहें टिकी हुई है। क्योंकि इस फैसले से जुड़ा एक और फैसला हाई कोर्ट में चल रहा है जिसमें अध्यक्ष परिषद गठन के लिए गजट नोटिफिकेशन नहीं कराना भी शामिल है अगर इस मामले में फैसला परिषद के खिलाफ आया तो पूरे प्रदेश में जितनी भी परिषद बिना गजट नोटिफिकेशन के संचालित हो रही है उन पर भी अयोग्य होने का संकट मंडरा जाएगा।

#### इनका कहना..

नपाध्यक्ष बारबार समय मांग कर अदालत का वक़्त बर्बाद कर रही हैं ताकि उनके कार्यकाल का बचा एक साल तारीख पेशी बढ़ाने में ही व्यतीत हो जाए। हमने इस पर आपत्ति की थी जिसे अदालत ने स्वीकारते हुए 5 दिनों में एविडेंस कलेक्ट करने के लिए दी है।

**हाफ़िज शरीफ मोहम्मद**
**पार्षद सुमेर के वकील**

### श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला, जीवन की अंतिम सास तक रहना पड़ेगा जेल में

# सात साल की मासूम भतीजी से दुष्कर्म करने वाले चाचा को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सात साल की मासूम बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी का श्योपुर की तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश बबीता होरा शर्मा की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुना दी है। इसके साथ ही दस हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित किया गया है।

खास बात यह है कि आरोपी पीडित बालिका का सगा चाचा है। जिसे अब जीवन की अंतिम सांस तक जेल में रहना पड़ेगा। करीब 10 माह पहले घटित हुआ रिश्तो को शर्मसार करने वाला यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त सहायक निदेशक अभियोजन श्योपुर प्रतिभा उमरैया के द्वारा की गई।



न्यायालय के मीडिया सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला 24 सितंबर 2025 को सुबह 10:30 बजे के आसपास तब घटित हुआ, जब सात साल की बालिका को कमरे में बंद करके उसके साथ उसके चाचा ने दुष्कर्म कर दिया। पीड़ित बालिका के रोने की आवाज सुनकर जब उसकी मां घर की तरफ दौड़ी, तब उसे खिड़की से झांककर देखने पर पूरा मामला पता चला।

पीड़ित बालिका की मां के चिल्लाने पर आरोपी बालिका को छोड़कर भाग निकला। जिसके बाद पीड़ित बालिका ने अपने माता पिता सहित अन्य परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में दुष्कर्म और पास्को एक्ट सहित अन्य कई धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी को दोषी मानते हुए उसे आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# नपा सीएमओ से मिले भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, सौंपा 18 सूत्रीय मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका श्योपुर के नवागत सीएमओ नरेन्द्र कुमार जाटव तथा नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने शिष्टाचार भेंट कीं इस दौरान सीएमओ 18 सूत्रीय मांगपत्र भी सौंपा । जिसमें शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 23 तक की वह जनसमस्याए है,जिन्हें कार्यकर्ताओ और आम नागरिकों के द्वारा बताया गया है।



नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने बताया कि 18 सूत्रीय मांग पत्र में प्रमुख रूप से एनएच-552 के नालों के कारण मुख्य बाजार, चूड़ी मार्केट, सब्जी मंडी, मालियों के मंदिर एवं पुल दरवाजा क्षेत्र में हो रहे जलभराव की स्थायी निकासी व्यवस्था करने, मुख्य बाजार में महिलाओं के लिए आधुनिक पिंक टॉयलेट तथा चूड़ी मार्केट क्षेत्र में महिला एवं पुरुष सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने, नगर के सभी प्रमुख नालों की व्यापक सफाई, पार्वती जलावर्धन नल-जल योजना के तहत खोदी गई सीसी सड़कों का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण, कार्य में लापरवाही बरतने वाली गुप्ता एंड आरसीपी कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसे ब्लैकलिस्ट करने, वार्ड 12 एवं 13 में पीली कोठी से फक्कड़ चैराहा तक नई सीसी सड़क स्वीकृत करने, वार्ड 15 एवं 17 के बड़े नालों की बंजारा डेम तक सफाई, आदिवासी बस्ती एवं अन्य जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था, वार्ड 17 की वर्षों से जर्जर सड़क का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराने तथा बजाज नगर, महाराणा प्रताप नगर, गुलमोहर कॉलोनी एवं मधुवन कॉलोनी के नालों की सफाई कराने की मांग शामिल है। इसके अलावा वार्ड 16 में नाली निर्माण, गोकुलधाम सोसायटी में नगर पालिका द्वारा खोदे गए बोरवेल को मोटर एवं पाइपलाइन लगाकर चालू कराने, वार्ड 14 में स्वीकृत सीसी सड़क का लंबित निर्माण कार्य शुरू कराने अथवा नया टेंडर जारी करने, पेयजल आपूर्ति के लिए वाल्व लगाने, चंबल कॉलोनी में जेसीबी से कचरा हटाने, केशर बस्ती में अतिरिक्त सफाईकर्मी की नियुक्ति, बायपास से विकास नगर मार्ग पर गिट्टी डलवाने, वार्ड 10 में अधूरी नालियों का निर्माण तथा वार्ड 15 के घोड़ी चैक एवं जयश्री कॉलोनी में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की गई।

मंगल ने बताया कि मुलाकात के दौरान नवागत सीएमओ ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### लगातार तीसरे दिन नहीं खुले बादल, गर्मी से मिली आंशिक राहत

**श्योपुर।** लगातार 2 दिन हुई झमाझम बारिश के बाद बुधवार को तीसरे दिन भी आसमान पर दिनभर बादल छाए रहे और कभी धूप कभी रिमझिम बारिश का नजारा देखने को मिला। मौसम में आए इस परिवर्तन से 3 दिन पहले तक पड़ रही गर्मी से जरूर राहत मिली। सोमवार और मंगलवार को हुई छम छम बारिश से शहर की विभिन्न बस्तियों में जल भराव देखने को मिला वहीं बाजारों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी जिससे लोगों को आने जाने में भी परेशानी झेलनी पड़ी उधर नगर पालिका को भी नालो की सफाई के लिए दोबारा से अभियान चलाना पड़ रहा है। पानी लगातार हो रही बारिश से पड़ रही भीषण गर्मी से जरूर राहत मिली बुधवार को भी दिन में कई बार रिमझिम आए तो कभी धूप भी खेल कुल मिलाकर नजर खुशनुमा रहा। मौसम में प्राकृतिक परिवर्तन से किसानों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है किसानों ने अपने खेतों में हकाई जुताई का काम शुरू कर दिया है और जल्द ही पलेवा के बाद बुवाई शुरू कर देंगे।

### जनगणना पुस्तिका के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शीला दाहिमा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी सौम्या आनंद के निर्देशन में जनगणना निदेशालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा जिला जनगणना पुस्तिका के लिए डाटा संकलन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) श्योपुर में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान जनगणना-2027 के प्रथम चरण उपरांत भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर द्वारा श्योपुर ग्रामीण चार्ज अंतर्गत जिला जनगणना पुस्तिका (डीसीएचबी) के संबंध में कर्मचारियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।



# घर में अकेली सो रही महिला से पडोसी ने किया बलात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

घर में अकेली सो रही महिला से पडोसी युवक ने रात्रि के दौरान घर में घुसकर बलात्कार कर दिया। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र का है। पीडित महिला ने अपने पति के बैंगलौर से लौटने के बाद विजयपुर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी युवक पर एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि विजयपुर थाना क्षेत्र निवासी 26 वर्षीय महिला जब 16 जून को रात्रि के दौरान अपने घर में अकेली सो रही थी,तभी पडोस में रहने वाला आरोपी रामवरन कुशवाह मौका देखकर घर में दाखिल हो गया और उसने महिला के साथ जबरन बलात्कार कर दिया और इस बारे मे किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दे गया। चूंकि पीडित महिला का पति बैंगलौर में मजदूरी करता है,इसलिए पीडित महिला ने पति के बैंगलौर से लौटने पर थाने पहुंचकर रामवरन कुशवाह के खिलाफ घर में घुसकर रेप करने की एफआईआर दर्ज कराई।

### पीने के लिए बीड़ी नहीं तो मार दिया चाकू,केस दर्ज

**श्योपुर।** सामान खरीदकर घर जा रहे युवक को रास्ते में मिले नामजद आरोपी ने इसलिए चाकू मारकर जख्मी कर दिया,क्योंकि उसने मांगने पर बीडी पीने के लिए नहीं दी थी। यह मामला शहर श्योपुर का है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शहर के वार्ड क्रमांक 1 किला निवासी पंकज वैष्णव ने बुधवार को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब बाजार से सामान लेकर घर जा रहा था,तभी रास्ते में उसी के मोहल्ले में रहने वाला कृष्णा शर्मा मिल गया,जिसने मुझे पीने के लिए बीडी मांगी, तो मैने उससे कह दिया कि मेरे पास बीडी नहीं है। इस बात से कृष्णा शर्मा इतना आक्रोशित हो गया कि उसने गाली गलौच करते हुए मुझ पर चाकू से हमला कर दिया। एक बार तो चाकू पसली में तो दूसरी बार चाकू पीठ में मारा। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने पंकज की रिपोर्ट पर कृष्णा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# छात्रावास संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

# छात्रावास संचालन में मिली लापरवाही तो संबंधित अधीक्षकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई:आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद द्वारा जिले में संचालित स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावासों की गत दिवस समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में छात्रावासों में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, नियमित अध्ययन व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, क्षमता के अनुरूप आवास व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे।

जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने निर्देश दिए कि सभी छात्रावासों में शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने छात्रावासों के नियमित निरीक्षण, समय पर भोजन वितरण, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के समुचित संधारण एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही निर्देशित किया कि जिन छात्रावासों में किसी प्रकार की कमियां हैं, उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने कहा कि छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। इस संबंध में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधीक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ओमप्रकाश मौत मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज ने दिया ज्ञापन

# जब तक न हो मामले की निष्पक्ष जांच, तब तक किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ओमप्रकाश अकोदिया की एक जुलाई को हुई मौत मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को ब्राह्मण समाज के लोगो ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को एक ज्ञापन सौंपा और इस मामले की निष्पक्ष ढंग से जांच जाने और विश्वसनीय साक्ष्य जुटाए जाने के बाद ही आगे की कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है, ताकि कोई निर्दोष इस मामले में दोषी न बन सके।

सर्व समाज जिला श्योपुर की ओर से दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ओमप्रकाश अकोदिया की मौत एक दुखद घटना है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाए दिवंगत परिवार के साथ है। लेकिन इस मामले की जब तक निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच न हो जाए,तब तक इस मामले में किसी को दोषी ठहराया जाना कतई उचित नहीं है। कई लोग इस मामले में सोशल मीडिया सहित अन्य कई माध्यमो से गलत बयानबाजी और अफवाह फैलाकर सामाजिक वैमनस्य उत्पन्न करने का कुत्सित प्रयास कर रहे है। पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ अतिशीघ्र कानूनी कार्रवाई करें। ज्ञापन में कहा गया है कि मृतक के पिता और भाई के द्वारा विभिन्न माध्यमों से इस तरह की बाते कही जा रही है कि वे मेडिकल स्टोर पर मौजूद थे और उनके समक्ष ही मेडिकल स्टोर पर ओमप्रकाश को ड्रिप लगाई गई थी। जबकि यह बात सत्य नहीं है, इसलिए इस बात की निष्पक्षता के साथ जांच कराने की जरूरत है। जबकि सत्यता यह है कि एक जुलाई को ओमप्रकाश मेडिकल स्टोर पर आए थे। वहां उनकी अचानक तबीयत बिगडने पर मानवीय आधार पर ओमप्रकाश की पत्नी को इस संबंध में सूचना दी गई और उनकी पत्नी के आने के बाद मेडिकल पर उपस्थित 3-4 लोगो के द्वारा ओमप्रकाश को 11 बजे के आसपास जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया गया। ओमप्रकाश को भर्ती किए जाने के बाद उनके पिता व भाई जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों की देखरेख में ओमप्रकाश का सुबह 11 बजे से 6 बजे तक इलाज चलता रहा। इसके बाद ओमप्रकाश को रैफर किए जाने के बाद उनकी मौत हो गई। ज्ञापन में इस मामले की निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ जांच कराए जाने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरो और पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच समिति बनाए जाने, सम्पूर्ण घटना की वैज्ञानिक तरीके से जांच कराए जाने की मांग की गई है।

### पुलिस को मिली पीएम रिपोर्ट

पुलिस सूत्रो की माने तो ओमप्रकाश अकोदिया मौत मामले की पीएम रिपोर्ट कोतवाली पुलिस को मिल गई है और कोतवाली पुलिस पीएम रिपोर्ट का अध्ययन कर रही है। बताया जा रहा है कि पीएम रिपोर्ट से मौत कारण स्पष्ट नहीं होगा तो पुलिस द्वारा बिसरा की जांच भी कराई जाएगी। इसके लिए विसरा को जांच के लिए भेजने की कार्रवाई भी पुलिस की ओर की जा रही है। ताकि मौत होने का स्पष्ट कारण सामने आ सके और फिर उसके मुताबिक ही मामले में कार्रवाई की जा सके।

#### इनका कहना...

इस मामले की फिलहाल जांच चल रही है। जांच के बाद ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

# बेटी के साथ मिलकर भाभी ने देवर को पीटा, बड़ौदा थाने में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम हिरनीखेडा में बीती शाम को डीपी से तार डालने की बात को लेकर विवाद हो गया। देवर भाभी के बीच हुआ विवाद इतना बढ गया कि आक्रोशित विधवा भाभी ने अपनी बेटी के साथ मिलकर देवर के सिर में न सिर्फ डंडा मार दिया,बल्कि उसे दांतो से भी काट लिया। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

बडौदा थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम हिरनीखेडा निवासी शेष अवतार पुत्र तुलसीराम मीणा ने बडौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को डीपी से तार डालने की बात पर उसकी भाभी रामकरंता मीणा और भतीजी ईशिका मीणा ने मिलकर उसके सिर में डंडा मार दिया इसके साथही उसे दांतो से भी काट लिया। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने शेष अवतार की रिपोर्ट पर राजकरंता और उसकी बेटी ईशिका के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया क्षीर धारा ग्रामों का भ्रमण

**श्योपुर।** सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा बुधवार को क्षीर धारा ग्राम मलपुरा एवं नागदा का भ्रमण कर गतिविधियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, उद्यानिकी सहायक एसएस प्रजापति, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुद्गल आदि उपस्थित रहें। जिपं सीईओ सौम्या आनंद द्वारा इस दौरान पशुपालको को क्षीर धारा ग्राम योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना और पशुपालकों की आय को दोगुना करना है। इसके तहत श्योपुर जिले में 34 गांव लक्षित किये गये है। इन ग्रामों में डेयरी क्षेत्र के सभी घटको का एकीकृत विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लक्षित ग्रामों में नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना, हरे चारे की उपलब्धता तथा पशुपालको की आय में वृद्धि के साथ ही सतत रूप से पशुपालन विभाग द्वारा किये जायेंगे। ग्राम नागदा में डेयरी प्लस योजना के हितग्राहियों से चर्चा कर दुग्ध उत्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इसके साथ ही उन्होंने नागदा गौशाला का निरीक्षण भी किया तथा गौशाला संचालको को हरे चारे के उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम हिरावल निवासी श्यामबाई पत्नि फूलचंद लोधी उम्र 65 साल अपने घर के पीछे खेत में महुआ के पेड़ के नीचे खड़ी थी तभी आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी जिससे पेड़ के नीचे दबने से महिला की मौत हो गई।

### युवक की शराब के नशे में मौत, जांच शुरू

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत शिब्बू पुत्र लाखन कुशवाह उम्र 35 साल निवासी ग्राम मोहरी राय शराब के नशे में अपने ही घर के सामने नाली में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### फांसी लगाकर दो युवकों ने दी जान

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम फुलवाड़ी निवासी मानसिंह पुत्र मानसिंह अहिरवार उम्र 32 साल ने अपने ही घर में लगे पंखे के कुंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत चाचूखेड़ा निवासी बृजेन्द्र पुत्र संग्राम सिह यादव उम्र 25 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### आज होगी साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली आयोजित

**अशोकनगर।** वुधवार को सायबर सुरक्षा अभियान के तहत सायबर जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है जो सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट अशोकनगर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से निकलकर कलेक्ट्रेट में ही समापन होगी। जिसमें सायबर जागरूकता वाहन के साथ-साथ ऑटोज, हेल्मेट धारक मोटरसाइकिल चालक व अन्य वाहन रहेंगे।

### जनसुनवाई मां और बेटे ने की शिकायत, धोखाधड़ी से हड़पी उनकी जमीन

# जनसुनवाई में आई महिला पति संग डीजल लेकर पहुंची, दूसरी महिला हो गई बेहोश...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खैराई निवासी कमलेश और अरबिंद शर्मा अपनी मां के साथ कलेक्टर के यहां शिकायत करने पहुंचे। मां और बेटों का कहना है कि उनका बेटा बीमार है जिसका फायदा उठाकर कुछ लोगों ने पहले नशीला पदार्थ खिलाया और धोखाधड़ी पूर्वक भूमि की रजिस्ट्री करा ली।

#### नहीं किया भुगतान

जिसमें कहा गया है कि अरबिंद शर्मा वर्ष 2024 से मानसिक रूप से बीमार है और उसका ग्वालियर उपचार चल रहा है। अरबिंद शर्मा का आरोप है कि 5 मई को कुछ लोग अपने साथ ले गए और चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया, जिसके बाद उसकी खैरपुर और खैराई में जो पारिवारिक भूमि है, उसके तीन अलग अगल विक्रय पत्र अपने पक्ष में रजिस्ट्रड करा लिया, जिसका कोई भुगतान नहीं किया गया। यह भी मामला सामने आया है कि वर्ष 2016 से विक्रय की गई जमीनों में से एक जमीन बैंक में बंधक भी है, जो भूमि बंधक रहती है उसका विक्रय नहीं हो सकता, अगर विक्रय हुआ है तो बड़े घोटाले और अनियमित्ता की संभावना है। इस मामले में मां और बेटों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में राजस्व विभाग से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है, और धोखाधड़ी पूर्वक जो विक्रय पत्र तैयार किए गए हैं उन्हें निरस्त किए जाने की मांग की है। यह विक्रय पत्र सुरेन्द्र सिंह पुत्र दलभंजन सिंह निवासी खैराई द्वारा कराया गया है, कागजों में दिखाया गया है।

#### जनसुनवाई में आवदेन लेकर पहुंची महिला बेहोश, अस्पताल में भर्ती कराया गया



विद्याबाई पत्नि निहाल सिंह जाटव जनसुनवाई में जब शिकायत करने पहुंची तभी महिला बेहोंश होकर गिर पड़ी। प्रशासन के अधिकारियों द्वारा महिला को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। महिला ग्राम कुसुवन तहसील रन्नौद जिला शिवपुरी की निवासी है, महिला ने अपने आवेदन में कहा है कि सरताज सिंह पुत्र तारा सिंह द्वारा एक प्लॉट दिया गया था, उसकी राशि 1 लाख 10 हजार प्रदान कर दी थी। जिसकी फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा दी गई और आज दिनांक तक न तो प्लॉट की नपती कराई गई है और न ही पैसा वापिस दिया जा रहा है। महिला अपने पति के साथ आई थी, उसे जिला अस्पताल अशोकनगर में भर्ती कराया गया है। महिला के पति निहाल सिंह ने बताया कि वह अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए अशोकनगर में रहते थे, तभी उनके रिश्तेदारों ने उन्हें टकनेरी में एक प्लॉट दिला दिया था, उस प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं हो रही है।

#### जनसुनवाई में कलेक्टर के यहां 408 आवेदक पहुंचे

जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान 408 आवेदकों ने अपनी समस्याएं बताईं। जनसुनवाई में ग्राम पिपरी निवासी लीलाबाई अहिरवार द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने, ग्राम कालाबाग निवासी काबूलचंद्र द्वारा ट्राई साइकिल एवं प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने, ग्राम मन्हेटी निवासी सरदार यादव द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम म्यापुर निवासी वीरेंद्र अहिरवार द्वारा नाली के पानी का निकासी कराए जाने, ग्राम केनवारा निवासी मुन्नी बाई द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने, ग्राम कालाबाग निवासी जागृति सुमन द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने, ग्राम सरदारपुर निवासी सिरनाम सहरिया द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,ग्राम महिदपुर निवासी पूजा रघुवंशी द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने,कोहरवास निवासी बुन्देल अहिरवार द्वारा लोन दिलाए जाने, ग्राम मूडरा निवासी मुन्ना लाल लोधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने, ग्राम सिलावन निवासी हरिलाल द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम मर्दनखेड़ी निवासी राजकुमारी द्वारा आहार अनुदान की राशि दिलाए जाने, ग्राम छैलाई निवासी हरिओम अहिरवार द्वारा मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ईसागढ़ निवासी पवन कुमार यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने सहित अन्य समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



#### महिला अपने पति के साथ डीजल लेकर जनसुनवाई में पहुंची

जनसुनवाई के दौरान एक मामला ऐसा भी नजर आया जहां कुछ लोग कलेक्टर कार्यालय के बाहर बरसात के बीच पेड़ के नीचे खड़े थे, बाद में महिला पीछे आई और आगे एक युवक अपने हाथ में प्लास्टिक की केन लेकर आया था जिसमें डीजल था। इस दौरान महिला रचना बाई मांझी ने बताया कि उसके मकान पर कब्जा कर लिया गया है, जो थाने के सामने है, हमने पहले भी आवेदन दिए हैं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, इस कारण मैं अपने साथ डीजल लेकर आई हूं, अपने ऊपर डालने के लिए। लेकिन डीजल डालने की कोई घटना सामने नहीं आई।

### दो भाइयों के परिवार आपस में भिड़े, कुल्हाड़ी-डंडे खूब चले

**शाढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़ी हवेली में जमीन और बाखर के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के परिवारों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान कुल्हाड़ी, डंडों और लात-घूंसों से मारपीट किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष से चंदन सिंह पुत्र गजराज सिंह यादव ने थाने पहुंचकर बताया कि 6 जुलाई की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपने मकान के पास टूटे हुए टीन शेड की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान उसका छोटा भाई हजरत सिंह और उसका बेटा सुनील वहां पहुंचे तथा टीन शेड नहीं सुधारने की बात कहने लगे। चंदन सिंह का आरोप है कि मना करने पर दोनों ने टीन की चादरें हटा दीं और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सुनील ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे भतीजे श्रीराम यादव के साथ आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से सुनील यादव पुत्र हजरत सिंह यादव निवासी ग्राम मढ़ी हवेली ने अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। सुनील का आरोप है कि सुबह करीब 9 बजे उसके ताऊ चंदन सिंह, बलीराम यादव और बलीराम के पुत्र श्रीराम यादव उसके घर के बाहर पहुंचे और जमीन एवं बाखर के हिस्से के विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर श्रीराम और बलीराम ने डंडों से मारपीट की, जिससे उसे चोट आई। चंदन सिंह ने भी हाथ थप्पड़ों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां राजकुमारी के साथ भी श्रीराम और बलीराम द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप है। राजकुमारी के होंठ, दांत, कलाई और पीठ में चोट आने की बात शिकायत में कही गई है।

## हरियाली महोत्सव:एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारापण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ



जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र अशोकनगर के ईसागढ़ वन विभाग कार्यालय परिसर में हरियाली महोत्सव एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम त्रिलोचन सिंह गौड़, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवेन्द्र यादव तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पी. प्रजापति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों ने अपनी माताओं के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए तथा आमजन से भी अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। कार्यक्रम के अंत में डिप्टी रेंजर देवेन्द्र टिटोरिया ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। वहीं भागचंद जाटव, जंघार नर्सरी प्रभारी ने पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर वन विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा और सभी ने मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### मां के सम्मान के साथ प्रकृति के संरक्षण का संदेश

**अशोकनगर।** जिले में हरियाली महोत्सव के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और वन विभाग के अधिकारियों ने मिलकर पौधारोपण किया। एसडीएम त्रिलोचन गौड़, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवेन्द्र यादव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पी. प्रजापति की मौजूदगी में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में डिप्टी रेंजर देवेन्द्र टिटोरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया, जबकि जंघार नर्सरी प्रभारी भागचंद जाटव का विशेष सहयोग रहा। वन विभाग ने लोगों से अपील की कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी हर नागरिक की जिम्मेदारी है।



### डॉ कृष्ण गोपाल भार्गव का हुआ एमपीपीएससी में चयन

**अशोकनगर।** शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में अतिथि विद्वान हिंदी के पद पर कार्यरत डॉ. कृष्ण गोपाल भार्गव का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 में हिंदी के सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने उनका माल्यार्पण कर सम्मान किया, और सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । डॉ.कृष्ण गोपाल भार्गव ग्राम पाटखेड़ा, तहसील ईसागढ़, जिला अशोकनगर के निवासी हैं, उनका चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची में 40वा स्थान है, उन्होंने इस सफलता का श्रेय ईश्वर, गुरु, माता-पिता और ईस्ट मित्रों को दिया है और यह कहा है कि, सभी के सहयोग से यह सफलता मुझे प्राप्त हुई है, जिन्होंने मुझे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया है, उनका में हृदय से आभारी हूं,सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. ऊषा मिश्रा से उन्होंने आशीर्वाद लिया जिनके प्राचार्य कार्यकाल में डॉ. कृष्ण गोपाल भार्गव ने अपने अतिथि विद्वान हिंदी की यात्रा आज से 20 वर्ष पूर्व प्रारंभ की थी, डॉ. उषा मिश्रा ने उनकी लंबे संघर्ष के बाद प्राप्त इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी है और भविष्य के लिए मंगल कामनाएं की है।

निवेशकों ने थाने पहुंचकर की नारेबाजी, पुलिस ने शुरू की विवेचना

## डेढ़ करोड़ रुपए लेकर फरार हुआ चिटफंड संचालक, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा



कस्बे में संचालित चिटफंड कंपनी के संचालक ने क्षेत्र के सैंकड़ों निवेशकों को चूना लगा दिया है। संचालक पर ऑफिस बंद कर निवेशकों का करीब डेढ़ करोड़ रुपया लेकर फरार होने आरोप है। अपनी गाढ़ी कमाई हाथ से छूटती देख निवेशक गुस्से और चिंता में हैं। बीती शाम थाने पर प्रदर्शन के बाद पुलिस ने संचालक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पीड़ितों के अनुसार टेकरी रोड शाढ़ौरा पर क्योस्क सेंटर के पास एलजेसीसी कंपनी का कार्यालय संचालित किया जा रहा था। जहां कंपनी संचालक दीपक रघुवंशी द्वारा कस्बे और आसपास के लोगों से प्रतिदिन 100, 200, 500 और 1000 रुपए तक जमा कराए जाते थे। आरोप है कि कंपनी संचालक ने शुरुआत में कई निवेशकों को समय पर भुगतान कर विश्वास कायम किया, इसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी बचत जमा कर दी। जैसे ही चिटफंड संचालक को मौका मिला वो फरार हो गया। जिसके बाद निवेशक अपनी जमा की गई रकम वापस पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। बीती शाम करीब 6 बजे लगभग आधा सैंकड़ा निवेशकों ने थाने पहुंचकर विरोध जताया और नारेबाजी की। उन्होंने कंपनी व कंपनी के संचालक पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। लोगों ने बताया कि करीब डेढ़ करोड़ रुपए जमा कराकर फरार हो गया है। होने के आरोप में कंपनी संचालक दीपक रघुवंशी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

निवेशकों का कहना है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व संचालक एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जमा राशि लेकर फरार हो गया। इसमें मजदूर, छोटे दुकानदार और गरीब परिवारों के लोग शामिल हैं, जिन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई कंपनी में जमा की थी। पीड़ित लंबे समय से कंपनी के वरिष्ठ कार्यालयों से राशि वापस कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन निराशा हाथ लगने पर उन्होंने विरोध का रास्ता अपनाया। सुबह पीड़ित निवेशक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि संगठित होकर सभी निवेशकों ने थाना प्रभारी को आवेदन दिया है और फरार आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

#### टीकमगढ़ जिले में भी केस

थाना प्रभारी सुनील सिकरवार ने बताया कि मामले में कंपनी संचालक दीपक रघुवंशी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कंपनी के खिलाफ टीकमगढ़ जिले के फरेरा थाने में भी मामला दर्ज है।

रात में फहर रहा है राष्ट्रीय ध्वज पर्याप्त रोशनी नहीं

## अशोकनगर स्टेशन पर 2024 में हुए भूमिपूजन के अब लगाए शिलालेख





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत सरकार की अमृत 2 योजना के अंतर्गत अशोकनगर स्टेशन को शामिल किया गया था, वर्ष 2024 में इस स्टेशन का भूमि पूजन हुआ था, उस समय यह शिलालेख नहीं लगाए गए, जिन्हें मंगलवार को अब लगाया गया है। जबकि 11 जुलाई को इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री के द्वारा वर्चुअल रूप से होने जा रहा है। संभावना है कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर में इसका लोकार्पण करने आ सकते हैं। वर्ष 2024 में 26 फरवरी को अशोकनगर स्टेशन पर होने वाले निर्माण कार्यों का भूमि पूजन वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था, जो शिलालेख मंगलवार को लगाया गया है, उस शिलालेख में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उस समय केन्द्रीय नागरिक विमानन एवं इस्पात मंत्री थे, इसका जिक्र किया गया है, जबकि उस समय सांसद डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव थे। यह शिलालेख 3 भाषाओं में तैयार कर अशोकनगर स्टेशन के बाहर लगाया गया है। अभी यह भूमि पूजन के शिलालेख हैं, लोकार्पण के शिलालेख 11 जुलाई को लगाए जाएगें।

अशोकनगर स्टेशन पर निर्माण कार्य होने के साथ कई कार्य अधूरे हैं, जिनकों पूरा करने में रेल विभाग के अधिकारी रूचि हीं दर्शा रहे हैं। कहते हैं कि जो कार्य अधूरे रह गए वह कभी पूरे नहीं होते, जिनमें प्लेटफार्म नम्बर 2 का फर्स, कहीं जगह प्लेटफार्म पर पानी भरना, स्टेशन पर शेड को भवन मिलाकर नहीं लगाया जाना आदि शामिल हैं। इसके अलावा जो 110 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज जो पूर्व में फहराया गया था, उसका स्थान बदलकर अब पुरानी इमारत के ठीक सामने जो मुख्य द्वार के सामने आती है वहां फहराया गया है। पूर्व में जब ध्वज फहराया गया है तब रात्रि में पर्याप्त रोशनी में ध्वज फहरता नजर आता था, लेकिन अभी जो ध्वज फहराया जा रहा है वह रात्रि के अंधेरे में ध्वज फहर रहा है, जो ध्वज संहिता नियमों के खिलाफ हैं। इस संबंध में स्टेशन मैनेजर को भी अवगत कराया गया है कि ध्वज के पास पर्याप्त रोशनी के प्रबंध कराए जाएं।



## अशोकनगर जिले में वर्षा का दौर जारी, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में वर्षा का दौर देर से प्रारंभ हुआ है लेकिन अभी भी वर्षा ने रफ्तार नहीं पकड़ी है, प्रतिदिन किश्तों में पानी गिर रहा है,हालांकि इस वर्षा से अशोकगर जिले में फसलों की बोवनी की शुरूआत हो गई है।

अशोकनगर जिले में आज दिनांक तक 216 मिलीमीटर वर्षा हुई है जिसमें अशोकगर में 97 मिलीमीटर चंदेरी में 203, ईसागढ में 74 और मुंगावली में 490 मिलीमीटर वर्षा हुई है। औसत वर्षा अब तक 216 मिलीमीटर हुई है। गतवर्ष आज दिनांक तक 206 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी उस तुलना में 10 मिलीमीटर अधिक वर्षा हुई है। ग्वालियर चंबल संभाग में वर्षा की गति धीमी है जिसका असर अशोकनगर जिले में भी देखने को मिल रहा है। मंगलवार को दोपहर में बारिस अशोकनगर शहर में दर्ज की गई, हालांकि इस वर्षा से जिले भर के किसान जो चितिंत थे उन्हें राहत मिली है और जिन किसानों ने बोवनी नहीं की थी वह किसान बोवनी करने में लग गए हैं।

उधर दूसरी ओर वह किसान भी हैं जिन्होंने मानसून की प्री वर्षा में ही बोवनी कर दी थी उन किसानों को अपना बीज खराब हो जाने का सामना करना पड़ रहा है, कहीं सोयाबीन का बीज खराब हुआ है तो कहीं मक्का का बीज प्रभावित हुआ है, ऐसे किसानों को फिर से अपने खेतों में बोवनी करना पड़ रही है। आने वाले दिनों में अच्छी बर्षा की संभावनाएं जताई गई हैं।

## मानव सेवा का प्रेरक उदाहरणः महिला परिषद के शिविर में 40 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



रक्तदान महादान के पावन संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, राजुल संभाग, प्रथम शाखा, अशोकनगर द्वारा गवर्नमेंट हॉस्पिटल, अशोकनगर में भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिषद की सदस्याओं, समाजजनों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 40 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

शिविर का आयोजन परिषद की अध्यक्ष डॉ. वर्षा बडकुल, सचिव मनीषा अरिहंत एवं कोषाध्यक्ष सोनम जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परिषद की सदस्याओं एवं समाजजनों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए शिविर को सफल बनाया। रक्तदान करने वाले प्रमुख रक्तवीरों में डॉ. वर्षा बडकुल (अध्यक्ष), दर्शित जैन (डॉ. वर्षा बडकुल के सुपुत्र), सोनम जैन (कोषाध्यक्ष), मनीषा अरिहंत (सचिव), वंदना जैन, मंजू जैन (नेशनल), नीलू बरोदिया, प्रीति जैन (बाबा), रानी गांधी, उषा जैन (नेशनल), रिया जैन (रसीला पान), निकेत जैन (बंधु एंटरप्राइजेज), नमिता जैन, रीना जैन (विवेक जैन), आरजू जैन, रीना जैन (राजकमल), रिंकू योगी, प्रियंका बड़खेड़ा, मानसी जैन (पाली), सुमन जैन एवं फतेह सिंह सहित अनेक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

शिविर के दौरान वरिष्ठ सर्जन डॉ. अजय गहलोत एवं डॉ. संजीव जैन का महिला परिषद द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। परिषद ने उनके चिकित्सा सेवा, सामाजिक सहयोग एवं रक्तदान शिविर में दिए गए विशेष योगदान के लिए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में नीलू बरोदिया, अंजू कांसल, आरजू जैन, प्रीति जैन (बाबा), रानी गांधी, पूर्व अध्यक्ष प्रियंका बड़खेड़ा सहित अनेक सदस्याएं एवं समाजजन उपस्थित रहे तथा सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परिषद की अध्यक्ष डॉ. वर्षा बडकुल ने कहा कि, "रक्तदान सबसे श्रेष्ठ एवं जीवनदायी दान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए नया जीवन बन सकता है।" सचिव मनीषा अरिहंत एवं कोषाध्यक्ष सोनम जैन ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।